# कटनी से तय हुई भाजपा की चुनावी रणनीति

## व्हीडी ने दिया 200 पार का नारा तो शिवराज बोले विकास को बनाएंगे एजेंडा, राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने की सत्ता-संगठन की प्रशंसा

### समापन सत्र में राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने दिया मार्गदर्शन

कटनी, यशभारत। कटनी प्रदेश भाजपा और आने वाले चुनावों के मद्देनजर कल पूरे दिन देश भर में चर्चित रहा कटनी में विस्तारित प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक थी। बड़े बड़े नेता कटनी पहुंचे बैठक में भाजपा ने अपनी रणनीति साफ की जिसके अनुसार पार्टी चुनावों को बेहद गंभीरता से लड़ने के साथ साथ दो सौ सीटों का टारगेट करेगी साथ ही साथ प्रदेश में हुए विकास के नाम पर जनता से विश्वास हासिल करने की कोशिश करेगी। प्रदेश अध्यक्ष व्हीडी शर्मा ने पत्रकारों के सामने साफ किया कि प्रदेश में गुजरात की पुनरावृत्ति होगी। उन्होंने 200 प्लस का टारगेट की बात कही। इधर समापन सत्र में मुख्यमंत्री ने साफ किया कि प्रदेश में जो भी विकास कार्य हुए हैं वह जनता को बता कर भाजपा डिफेंसी नहीं बल्की फ्रंटफुट पर खेलेगी।



बैठक के अंतिम सत्र को संबोधिक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता हमारी बड़ी उपलब्धियों में छोटी सी गलती निकालकर उसे बड़ा मुद्दा बनाते हैं, जबकि हमने जितने विकास के काम और क्रांतिकारी निर्णय लिए हैं, उतने कांग्रेस आज तक नहीं कर पाई। हमने माफिया राज और नक्सलवाद खत्म कियाए 23 हजार एकड़ जमीन दबंगों से मुक्त कराकर गरीबों को बांटी। महाकाल लोक, चीता प्रोजेक्ट और मेडिकल की हिन्दी में पढ़ाई करवाने का ऐतिहासिक फैसला लिया। हमने विकास के कई काम किए हैं, लेकिन उनकी चर्चा नहीं करते हैं। हमें अपने विकास कार्यों की चर्चा करनी होगी और विकास का मुद्दा बनाना होगा। कार्यकर्ताओं की मेहनत और विकास कार्यों से भारतीय जनता पार्टी शानदार जीत हासिल करेगी। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कटनी में आयोजित भाजपा की विस्तारित प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कही।

### हितग्राहियों से सम्पर्क कर बढ़ेगा वोट प्रतिशत

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार काम कर रही है। हर वर्ग के लिए हमने योजना चलाईं हैं, जिनके बड़ी संख्या में हितग्राही हैं। सभी मोर्चा और प्रकोष्ठ अलग-अलग योजनाओं के हितग्राहियों से सम्पर्क करें तो हमारा 51 प्रतिशत वोट शेयर का लक्ष्य पूरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं और लाडली लक्ष्मियों के परिवार से संवाद करे, युवा मोर्चा स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाले युवाओं से संपर्क करे, अल्पसंख्यक मोर्चा योजना के लाभान्वितों के सम्मेलन आयोजित करे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाएं और हमारा नेतृत्व हमारी ताकत है। बिना समय गवाएं इस ताकत का उपयोग करें।

### कांग्रेस के झूठ को तथ्यों के साथ उजागर करें

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस झूठ और भ्रम फैलाने में माहिर है। कांग्रेस के लोग झूठी कर्जमाफी की बात करते हैं जबकि हम प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के माध्यम से 10 हजार रुपए प्रतिवर्ष किसानों को दे रहे हैं। कांग्रेस बेरोजगारी की

## भाजपा की विस्तारित पदाधिकारी बैठक

बात करती है, जबकि बेरोजगारी की सबसे कम दर मध्यप्रदेश में है। हम एक लाख नौकरी देने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस के राज में प्रति व्यक्ति आय 13 हजार रुपए थी लेकिन आज मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 37 हजार रुपए तक पहुंच गई है। उन्होंने बैठक में कहा कि हम सभी मिलकर बड़े लक्ष्य के लिए काम कर रहे हैं, इसलिए बड़ा मन रखें और विनम्र कार्यकर्ता की तरह जनता की सेवा में जुटें रहें और संकल्प लें कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। निश्चित तौर पर हम मिलकर विजय का नया इतिहास रचेंगे।

### समता युक्त समाज का निर्माण कर रही भाजपा-चुघ

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र और राज्य की सरकार गरीबों का जीवन बदलने का काम कर रही है। डबल इंजन की सरकार केन्द्र से लेकर पंचायत तक योजनाओं के माध्यम से समतायुक्त समाज का निर्माण कर रही है। आज प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना और संबल योजना ऐसी योजनाएं हैं, जिन्होंने कांग्रेस के सात दषकों के कोढ को मिटाया है। आज 43 करोड़ लोगों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ा गया, 13 करोड़ घरों में उज्ज्वला कनेक्षन पहुंचे हैं तो आयुष्मान भारत योजना से लाखों लोगों को सुरक्षा कवच मिला है।

श्री चुघ ने कहा कि मध्यप्रदेश भारत का दिल है। मध्यप्रदेश के संगठन को स्व. कुशाभाउ ठाकरे जैसे पुरोधा ने सींचा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं में जोश और होश दोनों दिखाई दे रहा है। इसी जोश के साथ कार्यकर्ता आने वाले विधानसभा चुनाव में 230



विधानसभाओं में जीत का परचम लहराएंगे, इसके लिए नौजवान कार्यकर्ताओं को और जोड़ें, टारगेट बनाएं और हर घर संपर्क उन्हें यह बताएं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सरकार कितने जनकल्याण के कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि धारा 370 को हटाने और राम मंदिर का निर्माण ऐसे क्रांतिकारी निर्णय हैं, जिसके कारण पूरे दुनिया में हमारी विचारधारा डंका बज रहा है। अब समय रुकने का नहीं, आगे बढ़ने का है। संगठन की नीतियों और सरकार की योजनाओं को साथ लेकर कार्यकर्ता आगे बढ़े। कटनी जिला भाजपा से जिला संगठन प्रभारी संजय साहू, जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन, विधायकगण संजय सत्येंद्र पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय पांडेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलका जैन, रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव, ममता पटेल ही इस बैठक में अपेक्षित थीं। भाजपा के सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त किया।



## 230 विधानसभा क्षेत्रों में निकलेंगे विस्तारक कार्यकर्ता : प्रदेश अध्यक्ष

समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आने वाला समय हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसके लिए हमारी तैयारियां भी प्रारंभ हो गई है। पार्टी के प्रशिक्षण वर्ग के साथ ही ग्रामीण निकाय के जनप्रतिनिधियां के प्रषिक्षण वर्ग पूर्ण हो चुके हैं। नगरीय निकाय जनप्रतिनिधियों के प्रषिक्षण वर्ग प्रारंभ होने वाले हैं। मण्डल स्तर पर सुघोष अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में 230 विधानसभाओं में विस्तारक कार्यकर्ता तैयार होंगे जो शक्ति केन्द्र की रचना को ताकत देंगे और प्रत्येक बूथ पर पार्टी को सशक्त बनाने का काम करेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता मजबूत नेतृत्व के साथ 2023 के विजय का संकल्प लेकर मध्यप्रदेश में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेंगे। बैठक का संचालन पार्टी की प्रदेष महामंत्री सुश्री कविता पाटीदार ने किया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, अजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, महाराष्ट्र के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया, राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष, सुधीर गुप्ता मंच पर उपस्थित थे।



# प्राकृतिक खेती की आवश्यकताओं की जानकारी दी

## मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत सेक्टर पहाड़ी के प्रस्फुटन ग्राम बंडा में नवांकुर संस्था मंथन द्वारा कार्यक्रम




कटनी, यशभारत। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत सेक्टर पहाड़ी के प्रस्फुटन ग्राम बंडा में नवांकुर संस्था मंथन समाज विकास समिति बंडा के द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र पिपरौध,आत्मा परियोजना कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के समन्वय से प्राकृतिक खेती विषय पर किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गयाद्य प्रथम चरण में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं कीट प्रबंधक आरपी बेन के द्वारा प्राकृतिक खेती विषय पर उपस्थित जनों के समक्ष प्राकृतिक खेती की आवश्यकता के संबंध में जानकारी देते हुए कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात कृषि विज्ञान केंद्र से मौसम विज्ञान प्रमुख के पी द्विवेदी द्वारा उपस्थित किसान भाइयों बहनों को प्राकृतिक खेती के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए पूर्व में की जाने वाली प्राकृतिक खेती का स्मरण कराया समय की आवश्यकता बताते हुए सभी किसान भाइयों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, तत्पश्चात आत्मा परियोजना परियोजना कृषि विभाग कटनी से उपस्थित राजेंद्र बागरी बीपीएम के द्वारा प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी देते हुए मृदा परीक्षण से संबंधित फोल्डर किसानों को उपलब्ध कराए गए। अगले चरण में उद्यानिकी विभाग कटनी से उद्यान अधीक्षक नेहा मैडम उद्यानिकी विभाग से संबंधित फल और सब्जी की खेती संबंधी जानकारी किसान भाइयों को दी गई एवं उद्यानिकी विभाग की योजनाओं से विस्तार से अवगत कराया गया, कार्यक्रम के कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह के सवाल द्वारा उपस्थित किसानों को आने वाली चुनौतियों से सजग रहते हुए पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से प्राकृतिक खेती करने के साथ-साथ दूसरे किसानों को भी प्रेरित करने का आह्वान कियाद्य नवांकुर संस्था द्वारा गांव की किसान श्रीमती रुकमणी बाई को बीज बोने एवं खेतों में खाद डालने के लिए कृषि उपकरण उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों के द्वारा प्रदान किया गया द्यकार्यक्रम में पहाड़ी सेक्टर के अंतर्गत समस्त प्रस्फुटन ग्रामों से प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि ,नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, एवं सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता, और छात्र उपस्थित रहेद्य कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रभु दत्त तिवारी अनिल गौतम, देवेंद्र हल्दकार, रामानुज पांडे, संयोगिता मिश्रा, अनामिका तिवारी ब्रजकिशोर नामदेव, कविता हल्दकार, काजल हल्दकार का सहयोग प्राप्त हुआल कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र ने एवं आभार प्रदर्शन नवांकुर संस्था के सचिव हीरामणि हल्दकार द्वारा किया गया बंडा में नवांकुर संस्था ने किया प्राकृतिक खेती पर किसान संगोष्ठी का आयोजनविनीत गुप्ता, डा. बसंत पंजवानरी, डा. अनिल झामनानी बड़वारा, डा. स्नेह चौधरी, डा. शेफाली गुप्ता एवं अनेक विशेषज्ञ सम्मिलित हुये। आभार प्रदर्शन आई.एम.ए. सचिव ने किया एवं सेमीनार का समापन सफलतापूर्वक हुआ।

## बैठक के बाद पाक के विदेश मंत्री का पुतला जलाया




कटनी। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल जरदारी भुट्टो द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी पर की गई अशोभनीय टिप्पणी को लेकर विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। कटनी में प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला दहन किया। बड़ी संख्या में पार्टी और युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## आयुष ग्राम रैपुरा में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन




कटनी,यशभारत। आयुष ग्राम रैपुरा के नया मोहल्ला नगर मे निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नशामुक्ति, मलेरिया, फ्लू एवं जघन्य रोगों के निदान एवं उपचार संबंधी जागरूकता लाने के लिये पम्पलेट वितरण किये गये एवं कार्ड बनाये गये। इस शिविर में कुल 175 रोगी लाभान्वित हुए शिविर में टेली मेडीसन आयुष क्योर एप्प का भी प्रचार-प्रसार किया गया।

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार पांचवा सप्ताह, एक बार जरूर देखें
रोजाना 4 शो ता. 16 से
दोपहर 1, 4, 7 एवं रात्रि 9.30 बजे से




दृश्यम-2
टिकट रेट
200/-,150/-,100 /-
कलाकार- अजय देवगन, श्रेया सरन, अक्षय खन्ना, तब्बू आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 4 शो ता. 16 से
सुबह 11.30, 3, 6.45
एवं रात्रि 10.15 बजे से
अवतार
3D
(हिन्दी में)
टिकट रेट
3डी- 300/-, 280/-,240 /-
2डी - 250/-, 230/-,190 /-
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

## कटनी जिले में अब तक बदले गये कुल 181 ट्रांसफार्मर



कटनी,यशभारत। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठ आयोजित की गई थी, जिसमें जिले के पात्र ट्रांसफार्मरों को वरीयता क्रम से बदलने हेतु निर्देशित किया गया था। अधीक्षण यंत्री म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कंपनी लिमिटेड ने बाताया कि 17 दिसंबर शनिवार को 14 ट्रांसफार्मर बदले गये हैं (ग्राम झिन्नापिपरिया 100 केवीए, गाताखेड़ा 25 केवीए, कूड़न 25 केवी, पाकर 63 केवीए, रुडमूड 63 केवीए, पोड़ी 100 केवीए, पथरहटा 100 केवीए, कुटेश्वर 63 केवीए, घुघरी 100 केवीए, बकठा 100 केवीए, बकठा 100 केवीए, सलैया 25 केवीए, गोपालपुर 100 केवीए एवं भगनवारा 100 केवीए में ट्रांसफार्मर बदले गए। इस प्रकार 26 नवंबर से 17 दिसंबर तक कुल 181 पात्र ट्रांसफार्मर बदले जा चुके हैं। ट्रांसफार्मरों की उपलब्धतानुसार शेष सभी पात्र ट्रांसफार्मरों को भी वरीयता क्रम में शीघ्र बदलने की कार्यवाही की जा रही है एवं आगे भी यह प्रक्रिया सतत जारी रहेगी।

## नीलिमा ♥ से

### दिल की दहलीज



मौसम ने बदली हैं फिर से करवटें
तुम हृदय का मौन आमंत्रण सुन चले आना

गुजारिश कर रही हैं फिर से ये हसरतें
तुम इन आँखों की दहलीज पर चले आना

दस्तक देने लगें जब सुबह की सुनहरी किरणें
क्षितिज से अंजुरी भर केसरी रंग ले चले आना

भीनी खुशबू संग जब बहने लगें संदली हवाएं
तुम संध्या की पावन आरती पर चले आना

जब आँचल लहराने लगें फूलों की शाखाएं
तुम गुलशन की खिलती बहार ले चले आना

जब दिल की एक-एक धड़कन तुम्हें पुकारें
तुम प्रीत की हर रस्म निभाने चले आना

दिलों में इंतजार की नमियां ना लग जाएं
तुम धूप का एक टुकड़ा ले चले आना !!!

- नीलिमा पाठक सामंतरे

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, रविवार, 18 दिसम्बर 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# प्रदेश मे आयातित दाल को मंडी टेक्स में छूट मिलेगी, ट्रांसपोर्ट नगर की समस्या होगी हल

## मध्यप्रदेश निवेश का बड़ा केन्द्र बनेगा, जनवरी मे प्रवासी भारतीय सम्मेलन होगा





**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारे बच्चे नव निर्माण भारत का भविष्य है। उन्होंने लघु उद्योग भारती के प्रयास को धन्यवाद दिया कि वे बच्चों में सही उम्र मे स्टार्टअप और उद्योगों के लिए नींव डाल रहे है। प्रदेश मे ढाई हजार से ज्यादा बच्चों ने स्टार्टअप प्रारंभ किया है। प्रदेश सरकार ने ऐसे बच्चों के लिए स्टार्टअप नीति बनाई है। जिसके तहत नये स्टार्टअप लगाने पर एक करोड़ तक की विशेष प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान शनिवार को कटनी दिव्यांचल गार्डन में राज्य शासन के एम.एस.एम.ई और लघु उद्योग भारती के तत्वाधान मे आयोजित कार्यक्रम मे कन्यापूजन के बाद भारत ट्रेड फेयर 2022 को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि प्रदेश के बच्चों मे सही उम्र में उद्योग स्टार्टअप की नींव डाली जायेगी। वे अपना स्टार्टअप प्रारंभ कर नौकरी देने वाले बनेंगे। बच्चे जैसा सोचते है वे वैसा बन जाते है। वे शक्ति के भंडार है, उनमे हर एक बड़ा काम करने की क्षमता है। उन्हें प्रसन्नता होती है कि प्रदेश मे गांव- गांव और शहरों मे नये - नये स्टार्टअप प्रारंभ हो रहे है। प्रदेश सरकार नये स्टार्टअप प्रारंभ करने वालों की हर संभव मदद करेगी, सरकार उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश निवेश का बड़ा केन्द्र बन रहा है। प्रदेश मे 8 से 10 जनवरी को प्रवासी भारतीय सम्मेलन होगा, जिसमे 80 देशों के निवेशक सम्मिलित होगें। 11 एवं 12 जनवरी को प्रदेश मे इन्वेस्टर्स समिट का बड़ा आयोजन होगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लघु उद्योगों के दम पर ही भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। भारत के उत्पादन दुनिया के देशों मे भेजे जाते थे उनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत फिर से सोंने की चिड़िया और विश्व गुरू बनेगा। उन्होने विद्यार्थियों से और नये स्टार्ट अप के क्षेत्र में आगे बढ़ने और व्यवसायिक विषय की ओर घ्यान देने को कहा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने छात्रों से कहा कि वे खूब मन लगाकर पढ़ाई करे आगे की पढ़ाई के लिए फीस की चिंता न करें। विद्यार्थियों की मेडिकल, इंजीनियरिंग और उच्च शिक्षा की पढ़ाई की फीस प्रदेश सरकार के द्वारा भरी जायेगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश मे नई शिक्षा नीति लागू कर मेडीकल, इंजीनियरिंग सहित सभी कोर्सो की पढ़ाई हिन्दी में कराने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। अंग्रेजी भाषा की कठिनाई के कारण अब किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई नहीं छूटेगी। म.प्र. हिन्दी भाषा में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कटनी जिला औद्योगिक जिला है। कटनी जिले का प्रमुख व्यवसाय दाल मिल है। कटनी जिले मे दाल व्यवसाय को बढावा देने के लिए आयातित दाल को मंडी टेक्स मे छूट दी जायेगी। उन्होने ट्रांसपोर्ट नगर की समस्या का हल करने को कहा। उन्होंने औद्योगिक दुर्घटना न हो एवं काखानों मे काम करने वाले मजदूर सुरक्षित रहे इस पर सावधानी बरतने को कहा। उन्होने औघोगिक दुर्धटना होने पर जांच के आधार पर धारा 304 की जगह पर 304 ए के परिवर्तन करने के बारे मे कही। प्रदेश की निष्पादन भूमि को तीन प्रतिशत की छूट देने को कहा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में उद्योग को बढावा देने के लिए प्रत्येक जिले मे उद्योग सहायता केन्द्र स्थापित किया जायेगा। लद्यु उद्योग भारती द्वारा आयोजित भारत ट्रेड फेयर कार्यक्रम स्टार्टअप प्रारंभ करने वालों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होनें इस अवसर पर क्यू आर कोड का भी विमोचन किया। इससे प्रदेश शासन की स्वरोजगार संबंधित समस्त योजनाओं की जानकारी मिल सकेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्टार्टअप के माध्यम से स्वयं का उद्योग स्थापित करने वाले विद्यार्थियों, श्रमिकों एवं कर्मचारियों का सम्मान किया। आयोजित कार्यक्रम को लघु,सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग मंत्री ओमप्रकाश सक्लेचा ने भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान की उपस्थिति में एमएसएमई विभाग के उद्योग आयुक्त पी नरहरि एवं संगठन के वरिष्ठ जनों के द्वारा स्टार्टअप को बढ़ाने के लिए एमओयू हुआ। जिससे युवाओं को स्टार्टअप से जोड़ा जा सके, उन्हें स्वरोजगार और स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाया जा सके। कार्यक्रम मे लघु उद्योग भारती प्रदेश महामंत्री अरूण सोनी ने मुख्यमंत्री जी के समक्ष सूक्ष्म लघु उद्योगों के बिंदुवार मांगे रखी। लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आयोजन के द्वितीय दिवस स्टार्टअप कॉन्क्लेव में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा संगठन के माध्यम से प्रस्तुत विभिन्न मांगों को स्वीकार किया और स्टार्टअप को बढ़ाने के लिए लघु उद्योग भारती के साथ एमओयू हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश शासन के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कमल पटेल, विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, कटनी मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय, प्रमुख सचिव पी. नरहरि लघु,सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग विभाग, कलेक्टर अवि प्रसाद, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, महेश गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष लघु उद्योग भारती, अरविंद झारिया मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, मुकुल अग्रवाल मंडल प्रमुख पंजाब नेशनल बैंक, प्रवीण पाण्डेय, संदीप अग्रवाल, निरूपम मल्होत्रा, सुश्री तान्या मित्तल, प्रकाश अग्रवाल, अभिनव ठाकुर, गेंदालाल कुशवाहा, समीर मूंदड़ा,घन्श्याम ओझा, जितेन्द्र गुप्त, अनिल वासवानी सहित छात्र छात्राएं एवं उद्यमियों की उपस्थिति रही।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता पर जानलेवा हमला

## आजाद चौक में पिता-पुत्र पर मारपीट करने का आरोप



**कटनी, यशभारत।** कोतवाली के आजाद चौक क्षेत्र में पुराने विवाद को लेकर 59 वर्षीय आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता पर जानलेवा हमला किए जाने की घटना प्रकाश में आई है। हमला करने का आरोप आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता ने पड़ोस में रहने वाले पिता-पुत्र पर लगाया है। खून से लथपथ व सिर पर पट्टी बांधे यशभारत कार्यालय पहुंची आजाद चौक निवासी पेशे से आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता 59 वर्षीय किरण गुप्ता ने बताया कि उनके ऊपर पड़ोस में रहने वाले राममिलन सेन व उसके पुत्र दीपक सेन ने आज रविवार की सुबह साढ़े 7 बजे के लगभग जानलेवा हमला किया है। पिता-पुत्र ने उसकों गाड़ी से कुचल कर जान से खत्म करने की कोशिश की है। किसी तरह वह जान बचाकर भागी और जिला अस्पताल पहुंची। जहां उसके सिर पर पट्टी बांध कर भगा दिया गया। किरण गुप्ता ने आरोपी पिता-पुत्र पर कार्रवाई की मांग पुलिस व प्रशासन से की है।

## विषपान से युवक की मौत

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत एक युवक की जहर पीने से मौत हो गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बड़ेरा निवासी 40 वर्षीय भारत यादव पिता दशरथ यादव ने गतदिवस जहर पी लिया। परिजनों ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार दौरान मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम करते हुए मामले को जांच में लिया है।

## सीढ़ियों से गिरी महिला की मौत

**कटनी, यशभारत।** बरही थाना अंतर्गत ग्राम जगुआ में सीढ़ियों से गिरकर घायल एक 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम जगुआ निवासी 55 वर्षीय प्रेमबाई पति रामप्रसाद गौढ़ गतदिवस सीढ़ियों से गिरकर घायल हो गई थी। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान प्रेमबाई की मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# उपभोक्ता संतुष्टि विद्युत कंपनियों के लिए सर्वोपरि: ऊर्जामंत्री

## जबलपुर में हुई बिजली कंपनियों की समीक्षा

**कटनी,यशभारत।** मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत कंपनियों के मुख्यालय शक्ति भवन में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की समीक्षा की। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि पूर्व की तुलना में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली ट्रिपिंग में काफी कमी आई है। श्रीर तोमर ने कहा कि विद्युत क्षेत्र में उपभोक्ता संतुष्टि सर्वोपरि है और इस विषय पर मैदानी अभियंताओं को विशेष ध्यान देना होगा। समीक्षा बैठक में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक और कंपनी के चेयरमेन विवेक पोरवाल, पूर्व क्षेत्र कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी, कंपनी के चार क्षेत्रों के मुख्य अभियंता और मैदानी अधीक्षण अभियंता उपस्थित थे। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की समीक्षा करते हुए कहा कि ट्रांसमिशन लाइन में ट्रपिंग नियंतत्रित करने के लिए कार्य योजना बना कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि ट्रांसमिशन उपलब्धता इसी प्रकार बना कर रखी जाए जिससे कि शासन की मंशानुसार उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति सतत, निर्बाध व गुणवत्ता रूप से की जा सके। पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने कंपनी के कार्यों व भविष्य की योजनाओं का एक प्रजेन्टेशन दिया।

## खराब मीटर समय सीमा में बदले जाएं

ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं खासतौर से घरेलू उपभोक्ताओं के परिसर में स्थापित मीटरों की जानकारी लेते हुए कहा कि खराब मीटर एक निश्चित समय सीमा में परिवर्तित किए जाएं जो कि विद्युत वितरण कंपनी और उपभोक्ता दोनों के लिए लाभप्रद है। उन्होंने कहा कि जिन परिसर में मीटर नहीं लगाए गए हैं, वहाँ यह काम शीघ्रता से किया जाए।

## बिलों में हो पारदर्शिता

ऊर्जा मंत्री ने विद्युत उपभोक्ताओं को जारी किए जाने वोल बिलों के संबंध में कहा कि किसी भी उपभोक्ता को जारी होने वाले बिलों में पारदर्शिता के साथ उनमें होने वाली विसंगति का समाधान तेजी से किया जाए।

## कनिष्ठ अभियंताओं को मेंटेनेंस की गहन जानकारी ज़रूरी

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि मैदानी अभियंता परिणाम पर फोकस करते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि मैदानी कनिष्ठ अभियंताओं को अपने क्षेत्र के सभी मेंटेनेंस की विस्तृत जानकारी होना ज़रूरी है। कनिष्ठ अभियंताओं को ट्रांसफार्मर एवं लाइनों के मेंटेनेंस की गहन जानकारी होना चाहिए जिससे कि वे उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान त्वरित रूप से कर सकें।

## विद्युत सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि विद्युत वितरण कंपनी के स्टोर से मैदानी क्षेत्रों में आवश्यक सामग्री को भेजने की एक प्रक्रिया निर्धारित होनी चाहिए। साथ ही विद्युत संबंधी सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि ट्रांसफार्मर के साथ अन्य उपकरणों में लगने वाली सामग्री के मापदंड व एकरूपता उच्च स्तर की हो।

## कंपनी के एमडी ने दिया प्रजेन्टेशन

पूर्व क्षेत्र कंपनी के प्रबंध संचालक श्री अनय द्विवेदी ने ऊर्जा मंत्री को जानकारी दी कि प्रत्येक उपभोक्ता के मीटर में क्यूआर कोड लगा दिए गए हैं, जिससे कि मैदानी अभियंता अपने मोबाइल फोन में उपभोक्ता की बिजली लोड संबंधी जानकारी ले सकेंगे। जबलपुर में जिन उपभोक्ताओं को अपने लोड संबंधी जानकारी को ले कर संदेह था, उनका समाधान एवं संतुष्टि उपभोक्ता के समक्ष की गई।

# गली मोहल्लों में फेरीवाले भी हुए हाईटैक

## कारोबार करने ले रहे मेगाफोन का सहारा,अब प्रचार करता है भोंपू, ग्राहकों को लगाता है आवाज

कटनी, यशभारत। समय के साथ फेरीवालों के कारोबार का तरीका बदल गया है। ग्राहकों को लुभाने और अपने उत्पाद का प्रचार करने के लिए अब वे खुद आवाज नहीं लगाते बल्कि इस काम में भोंपू यानी मेगाफोन की मदद लेने लगे हैं। अल्फर्ट गंज निवासी डब्बू यादव छोटे बाजारों में घड़ी और इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम की दुकान लगाते हैं। वे भी अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए इसे खरीदने पहुंचे। कॉलोनी और मोहल्लों में हाथ ठेला पर सब्जी और फलों के अलावा दूसरी चीजों की बिक्री के लिए आने वाले छोटे कारोबारी भोंपू का उपयोग कर रहे हैं। इसमें वे अपनी आवाज को रिकॉर्ड कर लेते हैं। उसमें उस वस्तु की जानकारी होती है जो कि वह बेच रहा है। इसमें उस चीज कीमत एवं मात्रा का उल्लेख रहता है। ऐसे में आसानी से लोगों तक इसकी सूचना पहुंच जाती है। विक्रेता को भी बार-बार आवाज देने की जरुरत नहीं पड़ती। हर जगह फेरीवालों में इसका चलन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बाजार में पोर्टबल मेगाफोन 500 रुपए से 600 रुपए में मिल जाते हैं। मेनरोड में सब्जी ठेला से फेरी लगाने वाले दीपक कुशवाहा ने बताया कि सड़क पर ट्रैफिक होता है। वह यदि तेज आवाज भी लगाकर ग्राहकों को सब्जी की कीमत और मात्रा बताए तो शोर के कारण लोगों तक जानकारी नहीं पहुंचती है। जबसे मेगाफोन लिया है आसानी से आवाज पहुंच जाती है।





## दिन प्रतिदिन बढ़ रही मांग

मेगाफोन की मांग दिनों दिन बढ़ती जा रही है। एक अनुमान के अनुसार शहर की सभी दुकानों में रोजाना मेगाफोन बिक रहे हैं। क्योंकि हर फेरी वाला अपनी वस्तु के प्रचार के लिए बेहतर माध्यम मानने लगा है। कई कंपनियां फोन बाजार में उपलब्ध हैं। मेनरोड में दुकान संचालित करने वाले प्रकाश ने बताया कि इसकी मांग बहुत है। उनकी दुकान से ही प्रतिदिन मेगाफोन लेने ग्राहक पहुंच रहे हैं। ऐसी ही स्थिति दूसरी दुकानों की रहती है। उन्होंने बताया कि यह 15 सौ से 3 हजार एमएच की बैटरी में आता है। एक बार चार्ज करने पर तीन से चार घंटे आसानी से चल जाता है। इसमें रिकॉर्डिंग के अलावा ब्लूटूथ की सुविधा भी होती है। 100 मीटर की दूरी तक इसकी आवाज स्पष्ट सुनाई देती है।

## सुविधा के साथ परेशानी भी

फेरीवालों के लिए कारोबार में यह सुविधाजनक हैए लेकिन कई बार शोर शराबा भी बहुत होता है। खासकर दोपहर के वक्त यदि कोई इसे तेज साउंड के साथ उपयोग करता है तो रहवासियों को तकलीफभी होती है। इसलिए कई बार विवाद भी होते हैं। इसी प्रकार बाजार में लगातार साउंड से भी व्यवधान उत्पन्न होता है।

## तेल मशीन में हाथ फंसने से युवक घायल

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना अंतर्गत निवार में एक युवक का तेल पिराई मशीन में हाथ फंस गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार निवार में तेल पिरवाने ग्राम मोहनिया निवासी 31 वर्षीय रामविशाल उर्फ पप्पू हल्दकार निवार गया हुआ था। इस दौरान हाथ फंस गया, जिसमें उसका हाथ क्षतिग्रस्त हो गया है। युवक का उपचार जारी है।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
From 16th December 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

mgm HOSPITAL
एम.जी.एम.हॉस्पिटल कटनी में
जिले की एक मात्र
न्यूरो & ट्रामा यूनिट
जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जरी यूनिट
न्यूरो सर्जन
ब्रेन हेमरेज स्ट्रोक यूनिट
ब्रेन एवं स्पाइन सर्जरी
ब्रेन की नसों की एंजियोग्राफी,एंजियोप्लास्टी
इन्ट्राकैनियत हेमरेज क्वाइलिंग
दूरबीन द्वारा ब्रेन एवं स्पाइन के ऑपरेशन
Dr.S.K.Gupta
M.B.B.S., M.S. (SURGERY) M.Ch (Neuro) SENIOR NEURO-SPINE SURGEON
सुपर स्पेशिलटी सुविधायें
24 घंटे उपलब्ध है
CT Scan
M.R.I.
एंजियोग्राफी
एंजियोप्लास्टी
दूरबीन सर्जरी
पैथालॉजी
कलकत्ता के वरिष्ठ पेट रोग एवं जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन
हर्निया
ऐपेन्डिक्स
पित्त की थैली की पथरी
आंतों एवं पेट की अन्य बीमारियों हेतु
Dr.S.K.Singh
M.B.B.S., M.S.,F.M.A.S
प्रतिदिन उपलब्ध
आयुष्मान योजना द्वारा ऑपरेशन तथा भर्ती की सुविधा उपलब्ध
प्रतिदिन उपलब्ध
24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी 07622-405070 9424957890
07622 405070 | www.facebook.com/mgmhrc | @mgmkatni | mgmhrc | mgmhospitalkatni | www.mgmhospitalkatni.com | info@mgmhospitalkatni.com

सस्ती सुंदर
125/-
में सिंगल
बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली कमानियागेट कटनी, मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)


# स्कूल में झाड़ू लगाती छात्रा के वायरल वीडियो पर खफा हुए कलेक्टर

## बीआरसी सहित प्रधानाध्यापक व शिक्षक से मांगा जबाव



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने शासकीय माध्यमिक शाला पिलौंजी में छात्राओं द्वारा झाड़ू लगाये जाने के वायरल वीडियों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश के बाद जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह ने विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक मनोज गौतम, प्रधानाध्यापक धनीराम भूमिया एवं मौजीलाल पटेल माध्यमिक शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही शनिवार 17 दिसंबर की दोपहर 12 बजे के पूर्व इस मामले का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। जवाब समाधानकारक नहीं पाये जाने पर श्री गौतम एवं धनीराम भूमिया और मौजीलाल पटेल के विरूद्ध मप्र सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम के प्रावधान के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। वायरल वीडियो मे शासकीय माध्यमिक शाला पिलौंजी जन शिक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्हवारा की कक्षा सातवीं की दो छात्रायें झाड़ू लगाती पाई गई। जबकि कार्यालय द्वारा समय-समय पर निर्देशित किया जाता रहा है कि छात्र-छात्राओं द्वारा स्कूलों में इस प्रकार के कार्य छात्रों से नहीं कराया जाये। यह मामला संज्ञान मे आने से स्पष्ट हो गया कि विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक द्वारा जनपद पंचायत अंतर्गत सतत निगरानी नहीं की जा रही है और जन शिक्षकों के द्वारा भी अपने मूल दायित्वों का निर्वहन नहीं किया जा रहा है। इसलिए विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक मनोज गौतम, प्रधानाध्यापक धनीराम भूमिया एवं मौजीलाल पटेल माध्यमिक शिक्षक का कृत्य पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही का द्योतक है और कदाचरण की श्रेणी में आता है। इसलिए तीनों शासकीय कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही से संबंधित कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।






# नो पार्किंग जोन में खड़े ट्रक पर नगर परिषद ने ठोका जुर्माना

**कैमोर,यशभारत।** कैमोर नगर के सेल्फी पॉइंट के समीप खड़े ट्रक पर कार्यवाही करते हुए नगर परिषद ने एक हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया है। ट्रक चालकों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे नो इंट्री के समय नगर में प्रवेश न करें साथ ही वाहन सड़क के किनारे या नो पार्किंग जोन ने खड़ा ना करें। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के सौंदर्यीकरण के लिए नगर परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक एक में भटिया मोहल्ला तिराहे के समीप सेल्फी पॉइन्ट तैयार किया है। सड़क के दोनों किनारों पर पेवर ब्लॉक लगाये गए हैं। भारी वाहनों के यहां खड़े होने से जहां सेल्फी पॉइंट नजर ही नहीं आता वहीं पेवर ब्लाक भी क्षतिग्रस्त हो जाते हैं इसीलिए यहां नो पार्किंग जोन घोषित कर भारी वाहनों के खड़े होने पर रोक लगाई गई है बावजूद इसके एवरेस्ट इंड्रस्टी से एसबेस्टस शीट लेकर निकलने वाले वाहन यहां खड़े हो जाते हैं। पुलिस आमतौर पर दुपहिया वाहन चालकों की जांच तो करती रहती है पर भारी वाहन पुलिस की कार्रवाई से बचे रहते हैं। ऐसे में अब नगर परिषद ने मोर्चा सम्हाल लिया है। गत दिवस ट्रक क्रमांक एमपी 35 एचए 0273 के नो पार्किंग जोन में खड़ा पाये जाने पर नगर परिषद द्वारा चालानी कार्यवाही करते हुए चालक से एक हजार का जुर्माना वसूल किया गया।

## कैमोर में स्व. आर के शर्मा स्मृति खेल मेले का आयोजन 2 जनवरी से

# इस बार बैलगाड़ी रेस रहेगी आकर्षण का केंद्र

## टेनिस बाल क्रिकेट, बॉलीवाल, कबड्डी में मिलेगा नगद पुरुस्कार



**कैमोर,यशभारत।** लगभग 6 साल के अंतराल के बाद कैमोर में एक बार फिर स्व आर के शर्मा स्मृति खेल मेले का शुभारंभ आगामी 2 जनवरी से होने जा रहा। इंटक यूनियन और तपस्या ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस विराट खेल मेले में इस बार टेनिस बॉल क्रिकेट, कबड्डी, वालीव्हल, पैदल चाल और स्लो साइकिल रेस सहित बैलगाड़ी रेस भी शामिल की गई है। खेलमेले में पहली बार शामिल बैलगाड़ी रेस इस बार खेलप्रेमियों के आकर्षण का केंद्र होगी। सभी स्पर्द्धाओं के लिए प्रवेश की तिथि 24 दिसम्बर निर्धारित की गई है। इंटक अध्यक्ष अनिल मौर्या और टूर्नामेंट सेक्रेटरी मनीष नवैत के नेतृत्व में खेल मेले की व्यापक तैयारियां की जा रहीं। विभिन्न स्पर्धाओं में विजेता और उपविजेता टीमों को नगद राशि पुरुस्कार के रूप में प्रदान की जायेगी। उल्लेखनीय है कि कैमोर में इंटक यूनियन की नींव रखने वाले प्रख्यात श्रमिक नेता पूर्व विधायक स्व आर के शर्मा की स्मृति में यहां इंटक द्वारा प्रतिवर्ष खेलमेले का आयोजन किया जाता रहा। कैमोर ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ी और खेलप्रेमी बेसब्री से इस खेलमेले का इंतजार करते थे। पूरे जिले भर में यह खेलमेला प्रसिद्ध हो गया था। 2016 में किन्ही कारणों से इस आयोजन पर विराम लग गया था। इस बार पुनः इसकी शुरुआत का निर्णय लिया गया है। खेलमेले में ओपन टेनिस बॉल स्पर्धा के विजेता को 31 हजार की राशि पुरुस्कार के रूप में प्राप्त होगी। उपविजेता टीम को 21हजार का पुरस्कार मिलेगा। स्पर्धा का प्रवेश शुल्क 1100 रुपये निर्धारित किया गया है। 13 वर्ष तक के स्कूली बच्चों के लिए जूनियर टेनिस बॉल स्पर्धा होगी जिसमें विजेता टीम को 3000 एवं उपविजेता को 2500 की नगद राशि प्रदान की जाएगी। इंट्री फीस 200 रुपये निर्धारित है। एसीसी कर्मचारियों के लिए भी यह स्पर्धा आयोजित होगी। ओपन कबड्डी एवं बॉलीबाल स्पर्धा के विजेता को 5000 एवं उपविजेता को 3000 की राशि के पुरुस्कार दिए जाएंगे। दोनों स्पर्धा का प्रवेश शुल्क 200 रुपये निर्धारित है। बालिकाओं के लिए स्लो साईकिल रेस और 60 वर्ष से ऊपर वालों के लिए पैदल चाल स्पर्धा भी होगी।

### बैलगाड़ी रेस के विजेता को मिलेंगे 5000

खेलप्रेमियों के मनोरंजन के लिए इसबार बैलगाड़ी रेस को भी खेलमेले में शामिल किया गया है। इस स्पर्धा के विजेता को 5000 उपविजेता को 3000 के अलावा तीसरे नम्बर पर आने वाले को 1100 का नगद पुरुस्कार प्रदान किया जाएगा। सभी प्रतियोगिताओं में प्रवेश के लिए खिलाड़ी टूर्नामेंट सेक्रेटरी मनीष नवैत, राकेश तिवारी, महेश सैनी अथवा अनिल सेन से सम्पर्क कर सकते हैं।

# स्वच्छता को प्राथमिकता देने वाले प्रतिष्ठानों का सम्मान

## नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा अजय शर्मा एवं उपाध्यक्ष संतोष केवट ने प्रदान किये प्रमाण पत्र




**कैमोर,यशभारत।** नगर परिषद कैमोर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत 6 कैटेगिरी में स्वच्छ प्रतिष्ठान सर्वेक्षण के पश्चात स्वच्छ प्रतिष्ठान सम्मान समारोह श्रीमती मनीषा अजय शर्मा अध्यक्ष नगर परिषद कैमोर एवं उपाध्यक्ष संतोष कुमार केवट की उपस्थिति में आयोजित किया गया । प्रतियोगिता में महाविद्यालय स्तर में कैमोर विज्ञान महाविद्याल प्रथम, आदिनोंथ आईटीआई द्वितीय एवं श्रमधाम कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की श्रेणी में कैमोर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रथम ए एसीसी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वितीय एवं श्रमधाम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ । माध्यमिक शाला श्रेणी में शासकीय हाई स्कूल खलवारा बाजार प्रथम, शासकीय माध्यमिक शाला अमरैयापार द्वितीय एवं एवरेस्ट माध्यमिक शाला को तृतीय स्थान मिला । होटल व रेस्टोरेंट की श्रेणी में एसीसी खान पान जलपान सहकारी समिति को प्रथम, सिध्दार्थ होटल को द्वितीय स्थान मिला । स्वच्द कार्यालय अंतर्गत बैंकों में बैंक ऑफ बड़ौदा प्रथम भारतीय स्टेट बैंक द्वितीय, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक तृतीय, कार्यालय में नगर परिषद कैमोर को प्रथम पोस्ट आफिस को द्वितीय, पेट्रोल पम्पों में केसी डब्लू पेट्रोल पम्प प्रथम, एपी फ्यूल द्वितीय एवं संस्कार फिलिंग स्टेशन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ । स्वच्छ स्वास्थ्य सुविधाओं में शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रथम, एसीसी आक्यूपेशन हैल्थ सेंटर द्वितीय एवं एवरेस्ट आक्यूपेशन हैल्थ सेंटर तृतीय स्थान पर रहा । स्वच्छ बाजार केटेगिरी में खलवारा बाजार प्रथम, सण्डे मार्केट द्वितीय एवं अमरैयापार का तृतीय स्थान रहा । अध्यक्ष नगर परिषद श्रीमती मनीषा अजय शर्मा एवं उपाध्यक्ष संतोष कुमार केवट द्वारा सभी को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए । स्वच्छ सर्वेक्षण नोडल अधिकारी पीआर सिंह ने बताया कि यह रैकिंग विभिन्न संस्थाओं द्वारा नागरिकों को दी जाने वाली सुविधाओं के आधार पर की जाती है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्वच्छ सर्वेक्षण नोडल अधिकारी पी आर सिंह बिहारी लाल यादव, रुकसाना बैगम, रामकिंकर तिवारी, भवानी राजा मिश्रा भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कैमोर, सहयोगी संस्था मनोज मानव विकास समिति संतोष प्रसाद तिवारी आदि उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम मुख्य नगर पालिका अधिकारी धर्मेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में सहयोगी संस्था मनोज मानव विकास समिति कैमोर आयोजित किया गया।




# बेरोजगार युवाओं के लिए प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन 20 दिसंबर को

**कटनी,यशभारत।** जिला रोजगार अधिकारी डी.के.पासी ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय कटनी के तत्वावधान में 20 दिसंबर दिन मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित जिला रोजगार कार्यालय के कक्ष क्रमांक 125 मे प्लेसमेन्ट ड्राईव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मैनेजर, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव एवं सेल्स एसोसिएट के पदों हेतु साक्षात्कार किया जायेगा । उक्त प्लेसमेंट ड्राईव में योग्यता 10वीं पास से स्नातक तक है। ऐसे आवेदक जिनकी आयु 18 वर्ष से 30 वर्ष है और बेरोजगार है वे अपनी अंक सूची, आधार कार्ड, तथा 02 फोटो एवं सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ 20 दिसंबर दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के कमरा नं. 125 मे उपस्थित होकर साक्षात्कार मे सम्मिलित हो सकते है।

# एक दिन में हल हुई देवरी कला की विद्युत समस्या



**कटनी,यशभारत।** रीठी भ्रमण के दौरान ग्राम देवरी कला के कुछ ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर अवि प्रसाद को रोककर देवरी कला के 1 नग ट्रांसफार्मर के खराब होनें के संबंध में जानकारी प्रदान की गई थी। कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों की समस्या को सुनकर कार्यपालन अभियंता (सं/स) संभाग म.प्र.पू.वि.वि.कं.लिमि. कटनी को समस्या की जांच कराकर उचित निराकरण करानें के निर्देश प्रदान किए गए थे। निर्देश के परिपालन में कार्यपालन अभियंता (सं/स) द्वारा देवरी कला के ट्रांसफार्मर की जांच के उपरांत पाया कि पूर्व में लगा लगा 1 नग 100 केव्हीए का ट्रांसफार्मर 12 दिसंबर को अकुल हो गया था। जिसपर त्वरित कार्यवाही की जाकर 15 दिसंबर को उक्त अकुशल ट्रांसफार्मर बदलकर निर्बाध विद्युत सप्लाई चालू करा दी गई है।

### कृषि मंत्री ने जिले के अमृत पुष्पक नवाचार को सराहा

**कटनी,यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन उद्योग विभाग एवं उद्योग भारती द्वारा कटनी में आयोजित प्रदेश स्तरीय ट्रेड फ़ेय्रर में ज़िला ई गवर्नेंस सोसाइटी कटनी द्वारा ड्रोन तकनीक एवं जिले के नवाचार अमृत पुष्पक के संबंध में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है । ट्रेड फ़ेय्रर के शुभारंभ के अवसर पर किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री कमल पटेल द्वारा ई गवर्नेंस की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया एवं ज़िला प्रशासन के नवाचार अमृत पुष्पकको सराहा गया ।

### रिक्त पदों का मतदान 5 जनवरी को

**कटनी,यशभारत।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) कटनी ने बताया कि त्रि-स्तरीय पंचायत उप-निर्वाचन 2022 के निर्वाचन की अधिसूचना मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा जारी किया गया है। जारी अधिसूचना अनुसार कटनी जिले के जनपद पंचायत कटनी, बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा, बड़वारा व विजयराघगढ़ के जनपद पंचायत की पंचायतों में रिक्त पदों का निर्वाचन होना है। जिसकी आदर्श आचरण संहिता की तारीखों मे संशोधन करते हुए 09 दिसंबर 2022 से 11 जनवरी 2023 तक के लिए लागू कर दी गई है। जिसका मतदान 5 जनवरी 2023 को होगा।

# गांवों के विकास से देश बनेगा आत्मनिर्भर - खनिज मंत्री

**स्वयंसिद्धा स्वावलंबन भारत ट्रेड फेयर के शुभारंभ समारोह में खनिज साधन एवं श्रम मंत्री का संबोधन**







**कटनी,यशभारत।** प्रदेश के खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने प्राचीन समय में देश के गांवों की सुदृढ़ और समृद्ध अर्थव्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि गांवों को आत्मनिर्भर बनानें से ही आत्मनिर्भर भारत बनेगा और हम स्वावलंबी बनेगें। मंत्री श्री सिंह ने यह बात आज यहां दिव्यांचल गार्डन बरगवां मे राज्य शासन के लघु ,सूक्ष्म एवं मध्यम, उद्यम विभाग और लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजित स्वयंसिद्धा स्वावलंबन भारत ट्रेड फेयर के शुभारंभ समारोह में कही। श्री सिंह ने कहा कि कटनी प्रदेश का हृदय स्थल है कटनी में उद्योग एवं माइंस का अच्छा माहौल है। यहां प्रचुर मात्रा मे खनिज संपदा है। उन्होने कहा इस संपदा के वैज्ञानिक रूप से दोहन के क्षेत्र में कार्य करने की जरूरत है। श्री सिंह ने कहा कि पूर्व में यहां स्टोन का कार्य होता था अब मार्बल, माइन्स, खेती, कपड़ा व्यवसाय, मिनरल्स की उपलब्धता है। उन्होनें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में लोकल फॉर वोकल को बढावा दिया जाकर लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की बात कही। गांव एवं शहर के लोगों को उद्योग स्थापित कर स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बननें की जरूरत बताते हुए श्री सिंह ने कहा कि लधु उद्योग एवं कुटीर उद्योग के माध्यम से ही अर्थव्यवस्था बेहतर होगी। कार्यक्रम के संबध में विस्तार से प्रकाश डालते हुए श्री सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम शासकीय नीतियों से लोगों को अवगत करानें हेतु एक उचित प्लेटफार्म साबित होते है। इस तरह के आयोजनों से उद्यमियों को अपने उत्पादों हेतु मार्केट भी प्राप्त होता है तथा लोगों को रोजगार के अवसर सृजन होते है। आपनें मुख्यमंत्री द्वारा लघु एवं कुटीर उद्योग के माध्यम से निरंतर किये जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि अकुशल होने की वजह से उद्योग धंधों मे स्थानीय युवाओं को रोजगार नही मिल पाता है। उन्होने ऐसे युवाओं के प्रशिक्षण पर जोर देते हुए कहा कि युवा आगे आऐं, स्वरोजगार लगाऐं और दूसरों को भी रोजगार दें। विजयराघवगढ विधायक श्री संजय सत्येन्द्र पाठक ने कहा कि सरकार हर दृष्टिकोण से उद्योगपतियों को हर प्रकार की सुविधाए मुहैया कराने तैयार है, ताकि आने वाले समय में कटनी मे और अधिक उद्योग आ सकें । उन्होने कहा कटनी के विकास हेतु निरंतर ही प्रयास जारी है। आपनें कटनी से जुडनें वाली अन्य प्रदेशों की सीमाओं के बारे मे चर्चा करते हुए प्रदेश के उद्योगों को प्रदेश से बाहर न जानें देने तथा प्रदेश के बाहर के उद्योगों की एक- एक ईकाई कटनी में स्थापित करानें हेतु प्रयास किये जाने की बात कही। कटनी मुडवारा विधायक संदीप जायसवाल ने अपने उद्बोधन मे कहा कि कटनी जिला मूल रूप से माईनिंग के नाम से जाना जाता है। कटनी राजस्व देने के मामले में भी अव्वल है। लधु एवं उद्यम उद्योग स्थापित होनें से लोगों को रोजगार मिलेगा। यह आयोजन अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। स्थानीय इकाई द्वारा जिस उद्धेश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है उनका यह पवित्र उद्धेश्य जरूर पूरा होगा लधु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष महेश गुप्ता ने अपने उद्बोधन मे लघु उद्योग भारती की कटनी की टीम को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि पूरी टीम का तीन माह की मेहनत का फल आज देखने को मिल रहा है। आपनें बताया कि देश के सभी जिलों में लगभग 750 ईकाईयां तथा 42 हजार सदस्य कार्य कर रहे है। संस्था का स्वरूप निरंतर बढता जा रहा है। प्रदेश महामंत्री लघ्यु उद्योग भारती अरूण सोनी ने कहा कि कटनी में आयोजित किया जा रहा यह तीन दिवसीय कार्यक्रम लोगों के बीच में स्वरोजगार एवं स्वावलंबन की भावना पैदा करनें मे मील का पत्थर साबित होगा। श्री सोनी ने आयोजन के संबंध में विगत तीन माह से किये जा रहे प्रयासों सहित तीन दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा से उपस्थित जनों को अवगत कराते हुए कहा कि 16 शासकीय स्टॉलों सहित ट्रेनिंग प्रशिक्षण के माध्यम से एल.ई.डी वल्व , लैपटाप रिपेयरिंग पेंटिंग सहित अलग- अलग प्रशिक्षण के माध्यम से लोगों को स्वरोजगार प्रदान करने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के जाप से हुआ। तदोपरान्त उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों द्वारा मंचासीन अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। स्वागत की श्रृंखला के उपरांत लघु उद्योग भारती की महिला सदस्यो द्वारा स्वागत गीत -स्वागत बारंबार का गायन किया गया। कार्यक्रम को केन्द्र शासन की एम.एस.एम.ई बोर्ड की सदस्य श्रीमती अंजू सिंह जयपुर, समीर मूंदडा सहित अन्य अतिथियों द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम के अंत अमित सिंघई द्वारा आभार प्रदर्शन किया जाकर उपस्थित अतिथियों को सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह दिया गया। प्रदेश के खनिज संसाधन एवं श्रम मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने ट्रेड फेयर में लगे विभिन्न उत्पादों के प्रदर्शन स्टालों का अवलोकन किया।



# वार्डों में आयोजित हो रहे शिविरों में जमा हुआ 8 लाख का संपत्तिकर

## नागरिकों की सुविधा के लिए हर वार्ड में आयोजित किए जा रहे शिविर

**कटनी,यशभारत।** नगर निगम महापौर प्रीति संजीव सूरी के मार्ग दर्शन में आमजनों को ननि के टेक्स सुविधा से जमा करने के लिए वार्ड दर वार्ड शिविर लगाकर नागरिकों को उनके वार्ड में ही संपत्ति कर जमा करने के अवसर दिए जाने से जहां नागरिकों के समय की बचत हो रही है वहीं ननि के टेक्स भी समय से जमा हो रहे हैं पिछले 04 दिनों में कर संग्रहण की कुल राशि 8 लाख 68 हजार रूपये तक रही निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देश पर वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 शंभू टाकीज में आयोजित शिविर में संपत्ति कर वसूली में 109 भवनो से 2 लाख 39 हजार, वार्ड क्रमांक 22 एवं 23 घंटाघर चौराहा में 118 भवनों से 5 लाख 93 हजार, वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 सत्यनारायण मंदिर के सामने 111 सम्पत्तिधारकों से 2 लाख 31 हजार, वार्ड क्रमांक 15,16 एवं 17 दुर्गा चौक खिरहनी में 118 धारकों के माध्यम से 3 लाख 39 हजार का राजस्व (कर) ननि कोष में संग्रहित हुआ। जागेश्वर प्रसाद पाठक, राजस्व अधिकारी जनता महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने आम जनता से अपील की है कि निगम प्रशासन द्वारा आयोजित शिविर में संपति कर जमा कर सहयोग प्रदान करें।

### महापौर ने दिए कचरा रोज उठाने के निर्देश

नगर पालिक निगम क्षेत्र के अम्बेडकर वार्ड स्थित गायत्री नगर सोनी का बगीचा के समीप महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने पूर्व नगर निगम अध्यक्ष वार्ड पार्षद संतोष शुक्ला एवम निगम अधिकारियों के साथ सफाई व्यवस्था का औंचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान वार्ड की साफ- सफाई समुचित रूप से कराये जाने, व प्लाटों में भरे पानी की निकासी हेतु निगम अधिकारियों को निर्देश दिये। निरीक्षण में संतोष शुक्ला, संजीव सूरी, श्रीमति सीमा श्रीवास्तव, संजय सोनी स्वास्थ्य अधिकारी, तेजभान हेड दरोगा एवं रवि वक्शी वार्ड दरोगा की उपस्थिति रहीं ।

## कटनी में स्टार्टअप कॉन्क्लेव-2022 में शामिल हुए मुख्यमंत्री, बेटियों को दी जायेगी 20 प्रतिशत अतिरिक्त सहायता

# मध्यप्रदेश बन रहा निवेश का बड़ा केंद्र

## नए स्टार्टअप को एक करोड़ रूपए तक की विशेष प्रोत्साहन सहायता

**कटनी,यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश अब निवेश का बड़ा केंद्र बन रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाएँ तलाशी जा रही हैं। आगामी 8, 9 एवं 10 जनवरी को इंदौर में होने वाले प्रवासी भारतीय सम्मेलन में 80 देशों के प्रवासी भारतीय शामिल होंगे। साथ ही 11 और 12 जनवरी को इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने के लिए 52 देशों द्वारा स्वीकृति दे दी गई है। मध्यप्रदेश की धरती पर 5जी सेवाएँ शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान कटनी में लघु उद्योग भारती के स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2022 में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शासकीय योजनाओं की जानकारी देने वाले क्यूआर कोड भी लॉन्च किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार स्टार्टअप और एमएसएमई को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक प्रकार की सुविधाएँ दे रही है। प्रदेश की स्टार्टअप नीति में नए स्टार्टअप्स को एक करोड़ रूपए तक की विशेष प्रोत्साहन सहायता का प्रावधान किया गया है। इनोवेटिव आइडिया होने पर बैंक से केपिटल फंड की भी व्यवस्था की जाती है। प्रदेश में स्टार्टअप्स को सहायता करने के लिए विशेषज्ञों का स्टार्टअप सेंटर भी बनाया गया है।**



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में शीघ्र ही 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती की जा रही है। हर व्यक्ति को सरकारी नौकरी नहीं मिल सकती, इसलिए आवश्यक है कि स्व-रोजगार शुरू करें, राज्य सरकार पूरा सहयोग करेगी। वे अपना स्टार्टअप शुरू कर नौकरी देने वाले बन सकते हैं। प्रदेश के 2500 बच्चे अपना स्टार्टअप शुरू कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने युवाओं को उत्साहित करते हुए कहा कि मनुष्य अनंत शक्तियों का भंडार है। व्यक्ति हिम्मत और हौसले से ब्रह्मांड पर भी कमांड कर सकता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सेबी और आरबीआई द्वारा मान्यता प्राप्त वित्तीय संस्थानों से फंड प्राप्त करने वाले स्टार्टअप्स को 15 प्रतिशत की दर से 15 लाख रूपये तक की सहायता दी जाएगी। भंडार क्रय नियमों में सरकारी खरीद में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कलेक्टर को निर्देश दिए कि वे सरकार द्वारा स्टार्टअप्स को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में एक नोट बना कर बच्चों को भिजवाएँ। साथ ही हर जिले के कलेक्ट्रेट में एक टीम बनाई जाए जो स्टार्टअप का सहयोग एवं मार्गदर्शन करे। स्कूल और कॉलेज में स्टार्टअप के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम भी शुरू किए जाएँ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभी लघु उद्यमियों का स्वागत करते हुए प्रदेश में अधिक से अधिक लघु उद्योग स्थापित करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीआईसी और एमपीआईडीसी अंतर्गत आने वाले औद्योगिक क्षेत्रों को 5 हजार वर्ग फीट के प्लॉट आवंटन में 25ः का आरक्षण दिया जाएगा। ग्रामीण स्तर पर स्व-रोजगार बढ़ाने के लिए मल्टी स्टोरीज बनाने की योजना है, जहाँ प्लग एंड प्ले की सुविधा दी जाएगी। छोटे उद्यमी यहाँ किराए पर स्थान लेकर अपना उद्योग शुरू कर सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कटनी दाल मिल का क्षेत्र है। मुख्यमंत्री चौहान ने स्थानीय मांग पर घोषणा की कि अब आयातित दाल को भी मंडी टैक्स में छूट दी जाएगी। इस संबंध में केबिनेट में शीघ्र प्रस्ताव लाया जाएगा। कटनी में जमीन की उपलब्धता अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना की भी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उद्योग में सुरक्षा के सारे इंतजाम जरूरी हैं, परंतु यदि पूरी सुरक्षा और सावधानी के बावजूद भी कोई दुर्घटना होती है तो उस स्थिति में प्रकरण धारा 304 के स्थान पर धारा 304 ए में दर्ज किया जाएगा। मामले की पूरी जाँच की जाएगी और दोषी के विरूद्ध कार्रवाई भी होगी। केंद्र सरकार की गाइडलाइन अनुसार मध्यप्रदेश के उद्योगों में निष्पादन की भूमि 3 प्रतिशत कर दी गई है। ट्रेड प्राथमिकता के अंतर्गत एमएसएमई को 50ः आरक्षण कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप को प्रोत्साहन राशि का भुगतान अब ऑनलाइन डीबीटी से होगा। इससे समय की बचत के साथ अनियमितता भी समाप्त हो जायेगी। आजकल हमने अनियमितताओं के खिलाफ डंडा उठा रखा है। पिछले 15 दिन में शासकीय योजनाओं में गड़बड़ करने वाले 26 अधिकारी-कर्मचारियों को मैंने सस्पेंड किया है और 24 को नौकरी से निकाला गया है। लघु उद्यमों की सहायता करने के लिए हर जिले में उद्योग सहायता समूह बनाए जाएंगे। एमएसएमई मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने विभाग द्वारा स्टार्टअप को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री कमल पटेल, लघु उद्योग भारती के प्रकाश चंद्र, घनश्याम ओझा, जितेंद्र गुप्ता और जन-प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में उद्यमी और युवा उपस्थित थे।

### प्रदर्शनी का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लघु उद्योग भारती द्वारा दिव्यांचल गार्डन में लगाई गई स्वावलंबी भारत ट्रेड फेयर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रर्दशनी में शासकीय विभागों तथा देश भर से आए लघु उद्योग व्यापारियों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है। इनमें प्रमुख रूप से स्व-सहायता समूहों के उत्पाद, मार्बल क्राफ्ट, मसाले, दालों, लेडीज एवं जेन्टस के आधुनिक एवं परम्परागत परिधान, अचार, मुरब्बा, कीट नियंत्रक जैविक दवाएँ, हर्बल उत्पाद, गोबर से बने दीये, ऑवला प्रोसेसिंग उत्पाद, लघु उद्यमियों द्वारा तैयार लकड़ी के फर्नीचर, हैण्ड लूम, इलेक्ट्रॉनिक के सामान शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्व-सहायता समूह के सदस्यों तथा लघु व्यापारियों से उनके उत्पादों के संबंध में चर्चा भी की। मुख्यमंत्री श्री चौहन ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाई गई लाड़ली लक्ष्मी योजना की प्रदर्शनी में लाडली कनक चौघरी तथा प्रियांशी का पूजन कर उपहार भेंट किए। शिवलिंग मार्बल स्टोन जबलपुर की लोक कल्याण भूमिका समिति की महिलाओं द्वारा अपना उत्पाद मार्बल शिवलिंग मुख्यमंत्री को भेंट किया गया।



## ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देने एवं नवाचार अमृत पुष्पक को सराहा

### छात्रों ने ड्रोन के प्रति दिखाई दिलचस्पी

**कटनी,यशभारत।** राज्य शासन सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग एवं लघु उद्योग भारती उद्योग विभाग एवं उद्योग भारती द्वारा कटनी में आयोजित प्रदेश स्तरीय ट्रेड फेयर में ज़िला ई-गवर्नेंस सोसाइटी कटनी द्वारा ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देने एवं ज़िले के नवाचार अमृत पुष्पक के संबंध में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से ज़िले के युवाओं को ड्रोन तकनीक एवं इस संबंध में ज़िले के नवाचार की जानकारी दी जा रही है। ट्रेड फेयर के दूसरे दिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह द्वारा ई-गवर्नेंस की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया एवं ज़िला प्रशासन के नवाचार अमृत पुष्पक को सराहा गया। इस अवसर पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा ई-गवर्नेंस की नवीन परिकल्पना प्रोजेक्ट पंख के संबंध में भी मुख्यमंत्री को विस्तार से अवगत कराया गया। जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा ज़िला ई-गवर्नेंस सोसाइटी द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं प्रस्तावित परिकल्पना को सराहा गया। विदित हो कि ड्रोन तकनीक के प्रति युवाओं और छात्रों में खासी दिलचस्पी देखी गई। उत्सुक छात्रों की सर्वाधिक भीड़ ड्रोन स्टॉल में ही देखी गई। कार्यक्रम के दौरान ज़िला प्रबंधक, ई-गवर्नेंस कटनी सौरभ नामदेव द्वारा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भाग लेने हेतु उपस्थित लगभग डेढ़ हज़ार से अधिक छात्र- छात्राओं को ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### टी.बी. रोगियों को पौष्टिक आहार किट वितरित

**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिव्यांचल गार्डन में राज्य शासन की एम.एस.एम.ई. विभाग और लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्टालों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने जिला रेडक्रॉस समिति के स्टॉल में पहुंचकर टी.बी. रोगियों को पौष्टिक आहार किट का वितरण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिला प्रशासन की इस अभिनव पहल की सराहना की है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने मुख्यमंत्री को बताया कि जिले के टी.बी. रोगियों को गोद लेकर उनको पौष्टिक आहार देने लोग नि-क्षय मित्र बनकर दान देने आगे आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जन सहयोग से टी.बी. मुक्त जिला बनाने की कलेक्टर श्री प्रसाद की पहल की प्रशंसा की।

# सुबह से शाम तक ऑपरेशन के लिए सर्जन का इंतजार करती रही महिलाएं

### परिवार नियोजन कार्यक्रम में नहीं थम रही स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही,बिना आपरेशन लौटी 70 में से 40 महिलाएं

**कटनी, यशभारत।** शासन व प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद जिले में स्वास्थ्य सेवाएं पटरी पर आने का नाम नहीं ले रही हैं। जिले में स्वास्थ्य सेवाएं भगवान भरोसे चल रही हैं। जिले का स्वास्थ्य अमला इतना निरंकुश हो गया है कि अब राष्ट्रीय कार्यक्रमों तक में लापरवाही करने से बाज नहीं आ रहा है। परिवार नियोजन जैसे कार्यक्रम के तहत जिले में आयोजित होने पर नसबंदी शिविरों में स्वास्थ्य विभाग की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। पूर्व में जिला अस्पताल व रीठी स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही का मामला सामने आ चुका है तो वहीं अब फिर रीठी में मनमानी सामने आई है। शनिवार को कार्यक्रम के तहत नसबंदी कैंप आयोजित किया गया। ऑपरेशन कराने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची और पंजीयन कराया। जानकारी के अनुसार ऑपरेशन कराने के लिए 70 महिलाओं के पंजीयन हुए। सुबह से महिलाएं इंतजार करती रहीं। कई घंटे तक सिर्फ यही आश्वासन मिला कि ऑपरेशन शुरू होने वाले हैं लेकिन दोपहर बाद तक नहीं शुरू हो पाए। गौरतलब है कि जिन सर्जन को ऑपरेशन करना था वे शाम को देरी से पहुंचे, जिसके बाद ऑपरेशन शुरू हुआ। यह लापरवाही उस समय सामने आई जब प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान सहित कई केंद्रीय मंत्री शहर में थे।



### सीएमएचओ निभा रही नोटिस जारी करने की औपचारिकता

एक जानकारी में बताया जाता है कि सर्जन के विलंब से पहुंचने के कारण सभी महिलाओं के ऑपरेशन नहीं हो पाए। इस दौरान सिर्फ 30 महिलाओं के ही ऑपरेशन हुए जबकि 40 महिलाओं को बिना ऑपरेशन के ही लौटना पड़ा। यह तो गनीमत रही कि उन्हें बहोशी आदि का इंजेक्शन नहीं लगाया गया। सख्त निर्देश जारी होने के बाद भी न तो कैंप में समय से ऑपरेशन हो रहे हैं और ना ही सुविधाओं मुहैया कराई जा रहीं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रदीप मुड़िया लापरवाही व मनमानी पर सिर्फ नोटिस की ही औपचारिकता पूरी कर रहे हैं।


लघु उद्योग भारती एवं एमएसएमई विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा

दिव्यांचल में आयोजित

इंडस्ट्रियल कांक्लेव 2022

में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से पधारे समस्त उद्यमियों का उद्योग नगरी कटनी में

स्वागत, वंदन, अभिनंदन

निवेदकः- समस्त औद्योगिक संगठन, कटनी

मंगलम मैरिज गार्डन

सुसज्जित एसी कमरे, इन्वर्टर की व्यवस्था, बाथरूम में (गीज़र) ठंडे-गरम पानी की सुविधा, पार्किंग व सीसीटीव्ही कैमरे सहित सर्वसुविधायुक्त परिसर




पता- तिलक कॉलेज मोड़ दुर्गा चौक कटनी (म.प्र.) मो. 9131557376, 8826017861




प्लाट बिकाऊ हैं

शांतिनगर, बारह बंगला, राय कॉलोनी एवं समदड़िया सिटी के पास हर साइज के प्लाट उपलब्ध हैं।

दर- 1000/- से 1200/- प्रति वर्गफुट

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें - मो. 9993705740

JOHNSON®

Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668



वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ

डॉ. अशोक चौदहा

एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.

क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी

मरीज देखने का समय- 10.30 से 3 बजे तक

निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी

मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक

मो. 9893723087, 8319994375




श्री SHRI HOSPITAL KATNI

विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिज़ीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ

सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ

डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ

संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी 9425325316, 9425151543, 9752414316



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)